हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 40.5 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री


पुराना बस स्टैण्ड शिव टाकीज रोड के किनारे स्थित फौव्वारा बंद।



# प्रदूषण और बीमा सर्टिफिकेट नहीं होने पर कटेगी जेब

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

बाइक से लेकर कार और हैवी व्हीकल पर प्रदूषण व बीमा के कागज नहीं रहने पर अब अच्छा खासा चालान घर पहुंच सकता है। परिवहन विभाग ने उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद दो माह में ही 12 जगहों पर एएनपीआर कैमरा लगा दिया है, जिसके बाद हर माह 600 से अधिक चालान परिवहन विभाग से जारी किए जा रहे हैं। इससे विभाग का राजस्व बढ़ रहा है, वहीं चालकों में भी लापरवाही में कमी आ रही है।

आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकोनाइजेशन कैमरे की नजर अब नंबर प्लेट के साथ ही प्लुशन और इंश्योरेंस सर्टिफिकेट की अवधि समाप्त होने पर सीधे चालान काटा जा रहा है। बिलासपुर के 20 किमी की रेंज में 3 जगहों पर कैमरे लग चुके हैं। वहीं मुंगेली, जीपीएम और जांजगीर बायपास के साथ 14 कैमरे बिलासपुर परिवहन विभाग द्वारा लगाए गए हैं। इसमें फास्टरपुर और मोपका में 2-2 कैमरे लगाए गए हैं। जिसकी सीधी मानिटरिंग फ्लाइग टीम के द्वारा की जा रही है।

खास बात यह है कि रोजाना 30 से अधिक चालान कट रहे है। दस्तावेजों को लेकर चालक व गाड़ी मालिकों की लापरवाही अब सीधे जेब काट रही है। परिवहन विभाग द्वारा नंबर प्लेट को ट्रैस कर सीधे घर पर चालान भेजा जा रहा है, ऐसे में बचने का कोई चांस भी नहीं है।

अलग खबर

### 12 जगहों पर लगाए गए कैमरे, शहर में ही 3 जगहों पर लगे हैं कैमरे

सभी बायपास पर परिवहन विभाग की है खास नजर






### राजस्व वसूली पर जोर

परिवहन विभाग द्वारा प्रदूषण व बीमा के कागज की कमी के चलते चालान काटा जा रहा है, इसके लिए अब परिवहन विभाग के अधिकारियों को कागजों की जांच के लिए सड़क पर उतरना नहीं पड़ रहा है। विभागीय कार्यप्रणाली पूरी तरह से हाईटेक होने के बाद अधिकारियों को राहत मिल रही है। वहीं आम लोगों की मुसीबत बढ़ चुकी है। सबसे ज्यादा समस्या हैवी व्हीकल चालकों को आ रही है। वर्तमान में इन कैमरों से सिर्फ डाक्यूमेंट एरर पर ही चालान कट रहा है, वहीं अब एचएसआरपी नंबरों पर भी कैमरा ट्रैप किया जा रहा है। परिवहन विभाग इस दौरान राजस्व वसूली पर जोर दे रहा है।

### इन जगहों पर लगाए गए हैं एएनपीआर कैमरे

| जगह | मार्ग |
| --- | --- |
| खैरझींटी | गौरेला वेंकटनगर मार्ग |
| तखतपुर | बिलासपुर-मुंगेली मार्ग |
| फास्टरपुर | मुंगेली पंडरिया मार्ग |
| पंडरभाठा | मुंगेली नांदघाट मार्ग |
| चंद्रखुरी | मुंगेली नारायणपुर |
| रिस्दा | मस्तूरी पामगढ़ मार्ग |
| जोंधरा | मस्तूरी-बलोदाबाजार |
| जयराम नगर | बिलासपुर रायगढ़ मार्ग |
| जयराम नगर | जयराम नगर मस्तुरी चौक |
| सरगांव | सरगांव पथरिया |
| कोटमीकला | कोटमीकला तिराहा |
| मोपका | मोपका सेंदरी बायपास |

### आटोमेटिक चालान कट रहा है

फरवरी में उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद 12 जगहों पर 14 कैमरे लगाए गए हैं। सभी कैमरों से चालान आना शुरू हो चुका है। हर महीने 500 से 600 चालान कट रहे हैं। ज्यादातर कैमरों में ऑनलाइन माध्यम से पीयूसी और इंश्योरेंस सर्टिफिकेट नहीं होने पर चालान आटोमेटिक कट रहा है।

- **नितिन सिंह**, टीआई परिवहन विभाग

## खबर संक्षेप

### गर्मी निकाल रही पसीना कहीं राहत नहीं



**बिलासपुर।** अप्रेल का आधा महीना गुजर चुका है, जिसके चलते गर्मी अब तेवर दिखा रही है। दिन में जहां सुरज की ओर देखना रास नहीं आ रहा है, वहीं रात भी गर्मी में गुजर रही है। 24 घंटें में 18 से 20 घंटे कुलर और एसी चलने लगी है। बिना कुलर व एसी के रह पाना मुश्किल हो चुका है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर का तापमान 41.5 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं मौसम विभाग ने सपहल ही हीट वेव चलने का अंदेशा व्यक्त किया गया है ऐसे में बुधवार के बाद तापमान 42 डिग्री पर जा सकता है। हालत यह है कि गर्मी के कारण सुबह 10 बजे के बाद बाहर निकला मुश्किल हो चुका है वहीं गर्मी की वजह से कहीं भी राहत नहीं मिल रही है।

### दर्जनों गांवों में लगेंगे राजस्व समाधान शिविर

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक चल रहे राजस्व पखवाड़ा के प्रथम चरण में जिलेभर में शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। बिलासपुर जिले में राजस्व पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों में आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशन में सभी 12 तहसीलों के अंतर्गत ग्रामों में शिविर लगाकर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं और उनका मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। 15 अप्रैल को जिले के विभिन्न ग्रामों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें बिलासपुर तहसील के ग्राम परसदा, बहतराई, मानिकपुर, मस्तुरी के मल्हार, ग्राम दर्राभाठा, दवनडीह आदि शामिल है।

### एनएचएम का आयोजित होगा सम्मेलन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में आयोजित की गई। जहां विभिन्न जिलों एवं ब्लॉकों से 500 से अधिक कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अब तक किए गए आंदोलनों, प्रयासों तथा लंबित मांगों एवं कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संघ ने कहा कि मांगों को पुनः सरकार के समक्ष रखा जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 21 वर्षों की उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए भव्य प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन किया जाना प्रस्तावित है। इसमें जनप्रतिनिधि और मंत्री भी शामिल होंगें।

### पर्यावरण एवं पर्यटन की फैंसी ड्रेस स्पर्धा 22 को

**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा 'विश्व पृथ्वी दिवस' 22 अप्रैल के अवसर पर बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा । समिति के अध्यक्ष डॉ. विवेक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम 22 अप्रैल बुधवार को समय शाम 5 बजे से विवेकानंद उद्यान सिम्स चौक में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभागी पर्यावरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीवन और जल संरक्षण पर फैंसी ड्रेस के माध्यम से प्रस्तुति देंगे। प्रतियोगिता को तीन आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए 3 से 5 वर्ष, ग्रुप बी 6 से 9 वर्ष, ग्रुप सी 10 से 14 वर्ष तक बच्चे इसमें भाग ले सकते हैं। समिति द्वारा प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।



### सड़क से गिट्टी, रेत, सीमेंट बाहर निकलने लगे, धूल और गड्ढे से लोग हलाकान

# साढ़े 11 करोड़ रुपए खर्च कर बनाया गया अंडरब्रिज बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमेरी रेल क्रासिंग पर कुछ दिन पहले ही साढ़े 11 करोड़ रुपए की लागत से नए अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया, जहां हालत ऐसी है कि नई सड़क से गिट्टी, सीमेंट और मिट्टी बाहर आ रहे हैं। यहां प्रतिदिन धूल और गड्ढों के कारण आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद कर दिया जाता था। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले अंडरब्रिज का काम वर्ष 2022-23 में शुरु कर दिया गया था। इस अंडरब्रिज का निर्माण कार्य तो पूरा कर दिया गया है, लेकिन स्थिति ऐसी है कि 11.52 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए नवनिर्मित अंडरब्रिज की सड़क से धूल, गिट्टी और सीमेंट उखड़कर बाहर आने लगी है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो गया है। यहां से आने-जाने वाले राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि बेरियर बंद के कारण लोग परेशानी झेल रहे थे, लेकिन उससे अधिक परेशानी अब धूल और सीमेंट के गुबार से होने लगी है। यहां ठेकेदार ने काम को करने के बाद केवल खानापूर्ति की है, जिसके कारण गाड़ियों के आने-जाने से धूल और सीमेंट के गुबार लोगों के घर में भी आ रहे हैं।

### यह है अंडरब्रिज की स्थिति

अमेरी अंडरब्रिज में चार मीटर चौड़ा और साढ़े चार मीटर ऊंचाई का बाक्स है। इस साइज का यह बाक्स दोनों ओर लगाया गया है, जिसके बीच में दीवार बनाई गई है। इस तरह अंडरब्रिज में एक ओर जाने का दूसरी ओर से आने का मार्ग दिया गया है। यह सभी बाक्स 38 मीटर के लगाए गए हैं। इसके अलावा मेन रोड तक एप्रोच रोड तक कुल मार्ग की लंबाई 272 मीटर की बनी है, जहां से टू व्हीलर के अलावा फोर व्हीलर व मेटाडोर गुजरते हैं। बारिश का पानी निकालने के लिए पंप लगाए गए हैं, लेकिन वह अभी काम नहीं आ रहा है। रेलवे के अनुसार अंडरब्रिज की ऊंचाई 4.5 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और कुल लागत 576.03 लाख रुपए की है।



### की जाएगी कार्रवाई

अंडरब्रिज को लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया है, ताकि बेरियर बंद होने की परेशानी दूर हो सके। अमेरी रेल क्रासिंग पर बनाए गए अंडरब्रिज की स्थिति अगर खराब है तो संबंधित विभाग से चर्चा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम रेल मंडल बिलासपुर

### हो रही थी परेशानी

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं। तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आना-जाना करते थे, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की संख्या काफी अधिक थी।

### पूरा काम रेलवे का

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके थे। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना था, जिसके उपरांत रेलवे ने अंडरब्रिज का काम शुरु कर दिया। इस कार्य के लिए ड्राइंग और डिजाइन पूर्व में ही बना ली गई थी।

मस्तूरी गोलीकांड | घर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई

# रात 1 बजे फरार आरोपी के घर पुलिस का छापा, नहीं मिला

**बिलासपुर।** सीएसपी आईपीएस अधिकारी ने सोमवार की रात एक बजे 50 सशस्त्र जवानों व पुलिस अधिकारियों के साथ मस्तूरी गोलीकांड के फरार आरोपी षड्यंत्रकर्ता नागेन्द्र राय के घर में दबिश दी। पुलिस ने राय के घर के चप्पे चप्पे व पीछे जंगल में घुसकर जांच की, लेकिन आरोपी नहीं मिला। डेढ़ घण्टा जांच करने के बाद भारी भरकम पुलिस टीम बैरंग लौट गई।

पुलिस की टीम में कोतवाली सीएसपी आईपीएस अधिकारी गगन कुमार, तोरवा व पुलिस लाइन से करीब 50 पुलिस अधिकारी व सशस्त्र जवान शामिल थे। पुलिस ने जाते ही नागेंद्र राय के लालखदान स्थित मकान को चारों ओर से घेर लिया। गार्ड से दरवाजा खुलवाकर पुलिस अधिकारी अंदर गए। घर में दो महिलाएं व दो युवक मिले। अधिकारियों ने उनसे नागेन्द्र राय के संबंध में पूछताछ की। सभी ने अनभिज्ञता जताई। अधिकारियों ने उनके पूरे मकान की तलाशी ली। उसके बाद घर के पीछे जंगल में खोजबीन की गई। पुलिस टीम डेढ़ घण्टे तक आरोपी की तलाश करती रही, किन्तु फरार आरोपी राय नहीं मिला, जिससे भारी भरकम टीम बैरंग लौट गई। ज्ञात हो कि अक्टूबर 2025 में मस्तूरी के कांग्रेस नेता जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह कार्यालय में 6 से 7 लोगों के साथ बैठे तब नकाबपोशों ने उन पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी फायरिंग करने पर नकाबपोश भाग गए थे। पुलिस ने विश्वजीत अनंत सिंह 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उसके बाद चुनावी रंजिश व जमीन खरीदी बिक्री के रंजिश पर गोलीकांड कराने वाले षड्यंत्रकर्ता कांग्रेस नेता अकबर खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। घटना के बाद से नागेन्द्र राय व कांग्रेस नेता तारकेश्वर पाटले फरार हैं।

### बेटे भतीजे ने की हुज्जतबाजी

पुलिसकर्मी जांच करने के बाद उसके घर के अंदर गए तो घर में उपस्थित नागेन्द्र राय के बेटे व भतीजे पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी करने लगे। आईपीएस अधिकारी ने दोनों युवकों को फटकार लगाई। उसके बाद दोनों युवक शांत हुए।


जांच करती पुलिस।

### हिस्ट्रीशीटर रंजन गर्ग के घर जांच

नागेन्द्र राय के घर के बाद आईपीएस अधिकारी ने टीम के साथ देवरीखुर्द निवासी सजायाप्ता हिस्ट्रीशीटर रंजन गर्ग के घर में छापा मारा। उस दौरान तखत में रंजन सोया हुआ था। उसे उठाकर पूछताछ करने के बाद घर की तलाशी ली गई, किन्तु कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है।

# जनगणना 2027 का पहला चरण शुरू कल से स्व-गणना, 1 से घर-घर सर्वे

- हर मकान की होगी गिनती, विकास की बनेगी नई तस्वीर

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के संबंध में बताया कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जिससे विकास योजनाओं की सटीक रूपरेखा तैयार हो सके।

श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य घर-घर जाकर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्व-गणना पूरी तरह ऐच्छिक है, जिसमें नागरिक ऑनलाइन पोर्टल से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना करने पर एक यूनिक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के साथ साझा करना होगा। यदि कोई व्यक्ति स्व-गणना नहीं करता है, तो भी प्रगणक निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे।

# रिपोर्ट लिखाने थाने का चक्कर लगाती रही पीड़िता, एसएसपी के निर्देश पर हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

घर में घुसकर महिला के साथ चाकू अड़ाकर युवक ने अनाचार किया। पीड़िता रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने का चक्कर लगाती रही। सुनवाई नहीं होने पर पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। उनके निर्देश पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


आरोपी

बिल्हा क्षेत्र में रहने वाली एक 46 साल की महिला पति से तलाक लेकर अकेले रहती है। उनकी बेटी है और उसकी शादी हो गया है। मार्च माह में वार्ड क्रमांक 3 बिल्हा निवासी मुकेश कुमार ढीमर पिता मंगल ढीमर 23 साल ने उनके घर में घूसकर गले में चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देकर अनाचार किया और घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मार देने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता रिपोर्ट लिखाने के लिए बिल्हा थाने का चक्कर लगाती रही, लेकिन पीड़िता की रिपोर्ट नहीं लिखी जा रही थी। तीन दिन पहले पीड़िता ने एसएसपी रजनेश सिंह से मिलकर घटना की शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई।

एसएसपी श्री सिंह के निर्देश पर बिल्हा पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 332 बी, 351, 3, 74, 76, 64, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी मुकेश ढीमर को गिरफ्तार कर लिया है।

# जितना मिल गया उतने में खुश रहो कहकर थाने से चलता किया, सीएसपी के निर्देश पर लिखी गई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** आईजी के आदेश के बाद भी सिविल लाइन थाने के पुलिसकर्मियों ने धोखाधड़ी के शिकार पीड़ित को जितना मिल गया है उतने में खुश रहो और आवेदन दे दो कहकर चलता कर दिया। दूसरे दिन सीएसपी के निर्देश पर पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है।

उसलापुर निवासी जयशंकर कश्यप पिता स्व. सियाराम कश्यप 38 साल ने बताया, 5 अप्रैल को वे मैहर से ट्रेन से शहर आ रहे थे, रेलवे स्टेशन में उनका मोबाइल चोरी हो गया था। उसी मोबाइल के यूपीआई के माध्यम से उनके बैंक खाते से 77 हजार 546 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया। उनके द्वारा साइबर सेल में शिकायत कर 43 हजार 366 रुपए को होल्ड कराया गया। श्री कश्यप का आरोप है कि 13 अप्रैल को वे मोबाइल चोरी व पैसा ट्रांसपर करने की रिपोर्ट लिखाने गए तो उन्हें पुलिस ने कहा जितना मिल गया है उतने में खुश रहो और लिखित आवेदन दे दो कहकर थाने से चलता कर दिया गया। श्री कश्यप 14 अप्रैल को सीएसपी निमितेश सिंह से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी दी। सीएसपी श्री परिहार के निर्देश के बाद श्री कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत एफआईआर लिखा गया है।



पीड़ित

### आईजी का आदेश दरकिनार

13 अप्रैल को आईजी रामगोपाल गर्ग ने थाना व चौकी प्रभारियों को शिकायत नहीं लेने व सीधे एफआईआर दर्ज करने व विशेष परिस्थिति में सुपरविजन अधिकारी सीएसपी, एसडीओपी से परमिशन लेकर शिकायत लेकर 14 दिन में निराकरण करने का आदेश दिया है। उसके बाद भी सिविल लाइन पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट लिखाने थाने आए पीड़ित को बिना एफआईआर लिखे थाने से चलता कर दिया।



मान. श्याम बिहारी जायसवाल जी
स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन
मान. सुशांत शुक्ला जी
बेलतरा विधायक
जीवेत शरद: शतम्
डॉ. धर्मेन्द्र दास
अध्यक्ष-पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच बिलासपुर ( छत्तीसगढ़ )
सदस्य - स्वशासी समिति, शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल,कोनी बिलासपुर ( छ. ग )
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत - पाटलीपुत्र संस्कृति विकास मंच, छटघाट बिलासपुर (छ.ग.)

## मुंगेली-बिलासपुर हाइवे पर भीषण सड़क हादसा

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, 3 की मौत

**यातायात नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए**

हरिभूमि न्यूज ⏩ धरमपुरा



एक बार फिर क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। मुंगेली-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर जिला पंचायत धरमपुरा के समीप 13 अप्रैल को हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीन युवक जरहागांव से भटगांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि, बाइक सवार भटगांव निवासी राधेश्याम निर्मलकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे में शामिल कार एमपी 20 अक्सए 6824 में तीन लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि, तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना इस हादसे का मुख्य कारण हो सकता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और संबंधित वाहन चालकों से पूछताछ की जा रही है।


इस घटना ने एक बार फिर राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ते सड़क हादसों और यातायात नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाएं इस बात का संकेत हैं कि, सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालन करवाना बेहद जरूरी है। प्रशासन और नागरिकों की संयुक्त जिम्मेदारी है कि, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ऐसे हादसों को रोका जाए।



## डॉ अंबेडकर जयंती पर लिया गया सामाजिक समरसता का संकल्प

**सीपत।** ग्राम पंचायत सीपत में मंगलवार 14 अप्रैल को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके महान कार्यों और संविधान निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए जनभागीदारी को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। उपस्थित जनसमूह ने सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।


# बाबा साहेब का जीवन संघर्ष साहस की मिसाल: कौशिक



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर बिल्हा विधानसभा के तिफरा सिरगिट्टी स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

श्री कौशिक ने कहा कि यह दिन सिर्फ एक तारीख नहीं है, यह हम सब के स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और समानता के अधिकार का सबसे बड़ा उत्सव है। भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, साहस और आत्मसम्मान की एक महान मिसाल है। बाबा साहेब का संदेश था कि लोकतंत्र केवल चुनाव की व्यवस्था नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर देने की व्यवस्था है। विकास तभी सार्थक है जब वह सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुंचे। मोदी सरकार की योजनाएं इसी सिद्धांत पर केंद्रित रहती हैं।

उन्होंने कहा हमारी सरकार कि सर्वोच्च प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए विभिन्न जनकल्याण योजनाएं, नीति के साथ कार्य कर रही है। इस मौके पर जिला मंत्री रितेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश चंद्र साहू, वार्ड के पार्षद श्याम कार्तिक वर्मा, जोन अध्यक्ष विजय मरावी, पार्षद सीमा संजय सिंह, बैजन्ती जोशी, अल्प संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हनीफ खान, जिला महामंत्री किसान मोर्चा दिनेश कौशिक, मंडल महामंत्री अजय कश्यप, राजू मानिकपुरी, राघवेन्द्र झा, संजय सिंह, रविन्द्र पाटनवार, डॉ जमुना कौशिक, सरोज साहू, दिनेश कौशिक, पवन छाबड़ा, अरविंद रात्रे, गणेश परिहार, भुनेश्वर रात्रे, सविता रजक, संगीता कुशवाहा, लव दीक्षित, नीरज यादव, अनिल सूर्या, ममता सोनी, संतोषी कश्यप, पृथ्वी श्रीवास, आशीष यादव, विजय जगत, आरती सिंह, दीपक यादव, सिद्धार्थ त्रिवेदी, विकास वर्मा, मंजू दुबे, सुभाष सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# डिप्टी सीएम ने किया सब स्टेशन क्षमता विस्तार का लोकार्पण

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने नवलपुर में मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत सब स्टेशन क्षमता विस्तार का लोकार्पण किया। इस कार्य से क्षेत्र के 10 गांवों में लो वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या दूर होगी।

उन्होंने बताया कि, सब स्टेशन की क्षमता 3.0 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए कर दी गई है, जिससे 6 हजार 500 उपभोक्ताओं और 3 हजार 500 कृषि पंपधारक किसानों को लाभ मिलेगा श्री साव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि, क्षेत्र के गांवों में बिजली समस्याओं के समाधान के लिए नए सब स्टेशन का निर्माण और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया गया है। सरकार उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर श्री साव ने सब स्टेशन परिसर में सोलर पैनल का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल शून्य होगा और अतिरिक्त बिजली से आय भी प्राप्त होगी। उन्होंने लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।

- 10 गांवों को बिजली की समस्या से मिलेगी राहत

# धान खरीदी केंद्र प्रभारी के खिलाफ जुर्म दर्ज

## हथनीकला केंद्र में 8 हजार 216 क्विंटल धान गायब

**मुंगेली।** धान उपार्जन केंद्र हथनीकला में भारी अनियमितता का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए खरीदी प्रभारी विक्रम सिंह राजपूत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। हथनीकला केंद्र में 8 हजार 216 क्विंटल धान गायब पाए जाने का मामला सामने आया। इसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 54 लाख 70 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले की 66 समितियों के 105 उपार्जन केंद्रों में लगभग 53 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई। इनमें से 90 केंद्रों से 52.82 लाख क्विंटल से अधिक धान का शत-प्रतिशत उठाव किया जा चुका है, जबकि अन्य केंद्रों में उठाव की प्रक्रिया जारी है। इसी दौरान हथनीकला केंद्र में 8 हजार 216 क्विंटल धान गायब पाए जाने का मामला सामने आया। इसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 54 लाख 70 हजार रुपये से अधिक बताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर राजस्व, खाद्य, सहकारिता विभाग, नोडल सीसीबी की संयुक्त टीम द्वारा जांच कराई गई। जांच में धान की कमी की पुष्टि होने के साथ ही खरीदी प्रभारी विक्रम सिंह राजपूत 29 मार्च 2026 से बिना सूचना के अनुपस्थित पाया गया। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही और शासन को आर्थिक क्षति मानते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है। कलेक्टर ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच कर सेवा से पृथक करने की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने स्पष्ट कहा कि धान खरीदी शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कड़े संदेश देते हुए कहा है कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



# आपसी प्रेम और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित कर रहा नवधा रामायण

**बिलासपुर।** ग्राम हरदी, ठाकुरदेव चौक, गोंडपारा में लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा अखंड नवधा रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पूरे गांव में भक्ति, आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संचार कर रहा है।

इस पावन अवसर पर गांव के छोटे-छोटे बच्चे रामायण पाठ में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। तुषार, करुणा, चिरेखा, सुधा, कुलदीप, गीतांजलि, ओमप्रकाश, शिवशंकर, अभिषेक और प्रांशु जैसे प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा अत्यंत भावपूर्ण एवं श्रद्धा के साथ रामायण का पाठ किया जा रहा है। इन बच्चों का उत्साह और समर्पण पूरे गांव के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। इस आयोजन में आचार्य मुकेश पांडेय का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जिनके सान्निध्य में सभी श्रद्धालु भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं का गहन ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। अखंड नवधा रामायण कथा के माध्यम से गांव में धार्मिक चेतना के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संस्कारों और सामाजिक एकता को भी मजबूती मिल रही है। यह आयोजन न केवल भक्ति से ओतप्रोत है, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच, आपसी प्रेम और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित कर रहा है।



# महिला की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**सेतगंगा/मुंगेली।** फास्टरपुर-सेतगंगा क्षेत्रांतर्गत हुए अंधे कत्ल खुलासा करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी द्वारा महिला को रास्ते से हटाने की मंशा से गला दबाकर हत्या की गई थी। 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना फास्टरपुर-सेतगंगा में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।



प्रार्थी दीपक नट पिता स्व. दिनेश नट उम्र 19 वर्ष निवासी सेतगंगा की मां अश्वनी बाई नट 12 एवं 13 अप्रैल की रात घर से बिना बताये कहीं चली गयी थी, सुबह देखे तो घर पर नहीं थी। 13 अप्रैल को करीबन 11-12 बजे गाड़ाघाट में पगडंडी रास्ता में एक महिला का शव पडे.होने की सूचना मिली। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही लालाराम यादव पिता बट्टा यादव उम्र 38 वर्ष ग्राम शुक्लाभांठा थाना फास्टरपुर-सेतगंगा से पूछताछ शुरू की। उसने बताया कि मृतका के साथ उसका प्रेम संबंध था। इसी दौरान मृतका पत्नी बनाकर अपने घर ले जाने की बात बोलकर परेशान करती थी, जिस पर आरोपी लाला यादव के द्वारा क्रोधित होकर महिला को रास्ता से हटाने की नियत से 12 अप्रैल को फोन कर बुलाया और बाइक में बैठाकर ग्राम गाड़ाघाट के पास ले जाकर अश्वनी बाई का गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के मोबाईल को ग्राम छटन के तालाब में फेंक दिया। आरोपी लालाराम यादव की निशानदेही पर 1 नग टेक्नो मोबाईल एवं मृतका का 1 नग की-पेड मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त एचएफ डीलक्स बाइक क्रमांक सीजी-28 बी-7299 को जब्त किया गया है।


## निधन

### श्रीकांत सोनी



**बिलासपुर।** गीतांजलि सिटी फेस 2 गली नंबर-तीन निवासी शांति लाल सोनी के पुत्र श्रीकांत सोनी (37) का 14 अप्रैल को वेल्लूर में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रविकांत सोनी के छोटे भाई थे।

### सुभाष चंद्र



**बिलासपुर।** सरकंडा गली नंबर 3 निवासी ग्राम हरदी महामाया वाले सुभाष चंद्र साव का 14 अप्रैल को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे स्व. सुखराम प्रसाद साव के पुत्र एवं दशरथ,ओंकार, रामायण के भाई और विकास चंद्र साव के पिता थे।

### शिव कुमार पांड़े



**तखतपुर।** वार्ड क्र 9 निवासी जेएमपी कॉलेज के प्रोफेसर शिवकुमार पांड़े का 59 वर्ष की आयु में 14 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे राजकुमार पांड़े, बंशी पांड़े के भाई तथा अमित, सुमित पांड़े के पिता थे।

### जगबाई मेहर



**तखतपुर।** ग्राम पूरा निवासी जगबाई मेहर का 50 वर्ष की आयु में 14 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पूरा में किया गया। वे लक्ष्मी चंद मेहर की पत्नि, विनोद मेहर, गंगाराम मेहर के पिता थे।

# आंगनबाड़ी सेक्टर प्रभारी के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने की शिकायत

**बेलगहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत स्थित बेलगहना सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेक्टर सुपरवाइजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सुपरवाइजर की कार्य प्रणाली से आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर एसडीएम कोटा टी अरविंद कुमार (प्रशिक्षु आईएएस) से मुलाकात कर आपबीती सुनाते हुए शिकायत पत्र सौंपा जिस पर एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

- एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का दिया आश्वासन

कार्यकर्ताओं ने अपने विभाग की परियोजना अधिकारी सुरुचि श्याम से भी मुलाकात कर सेक्टर प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि सेक्टर प्रभारी द्वारा पैसे की मांग की जाती है तथा बच्चों की खेल सामग्री का परिवहन व्यय कार्यकर्ताओं से वसूला जाता है। कृष्ण नगर बेलगहना 1की कार्यकर्ता ने तो प्रभारी पर बच्चों के खिलौने डकारने का आरोप लगाते हुए बताया कि प्रभारी द्वारा उनके केंद्र को यह कह कर खिलौना प्रदान नहीं किया गया कि उनके यहां बच्चे ही नहीं है तो खेलेंगे क्या? इसी प्रकार मासिक रिपोर्ट भरने के नाम पर प्रति केंद्र उगाही करने, सुपोषण चौपाल की चार माह की राशि सहित अन्य अनियमितताओं का आरोप है।



### मिली है शिकायत

मामले की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसे उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर समस्या का निराकरण किया जाएगा।

**-सुरुचि श्याम,**
परियोजना अधिकारी

# बिल्हा नगर पंचायत ने दी स्व. तिवारी को श्रद्धांजलि

**बिल्हा।** नगर पंचायत बिल्हा की ओर से स्वर्गीय जयप्रकाश तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नपं कार्यालय में दोपहर 1 बजे मुख्य नपं अधिकारी प्रवीण कुमार गहलोत के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने स्व तिवारी को याद करते हुए 1 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में स्व तिवारी के करीबी मित्र डॉ मनितोष सरकार, पार्षद घनश्याम डहरिया सहित लगभग 70 से अधिक लोग उपस्थित थे। मुख्य नपं अधिकारी प्रवीण कुमार गहलोत ने स्व तिवारी को एक समर्पित जनसेवक और मददगार व्यक्ति बताते हुए उनके योगदान को याद किया। गौरतलब है कि, जय प्रकाश तिवारी का 12 अप्रैल को बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में लंबी बीमारी के कारण 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के प्रथम युवा कांग्रेस अध्यक्ष भी रहे।



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विरेन्द्र कुमार कश्यप पिता आच्चचे राम कश्यप निवासी ग्राम धिवरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) से अधिकृत हो उसके निर्देशानुसार जन सामान्य अवगतार्थ निम्न आशय का सूचना पत्र प्रकाशित करती हूँ अवगत होवें।

मेरे उपरोक्त पदाकार ने मौजा ग्राम पंधी म.न. 2 प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. सीपत तह. सीपत जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख. क्र. 379/3 रकबा 0.2020 हे. भूमि को भूमि स्वामीगण जयराम, शिवराम पिता महेश मथुरा बाई पति महेश निवासी ग्राम पंधी तह. सीपत जिला बिलासपुर के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि को क्रय करने का पक्का महदा कर अग्रिम अनुबंध की राशि अदाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कराया है तथा शीघ्र ही पंजीयन हेतु तत्पर है है।

अत: उपरोक्त भूमि के हुये संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय या वह जो उपरोक्त भूमि के किसी भी अंश में अपना हित रखता है वह सात दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा पंजीयन करा ली जायेगी। सो सूचना जाने।

दिनांक 14/04/2026

**अम्बिका नारंग**
**(अधिवक्ता)**
**गोविदपुरम महामाया नगर**
**बिरकोना बिलासपुर मो. 9754285605**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम भावना पिता धनंजय तिवारी अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम भावना तिवारी पिता धनंजय तिवारी निवासी/पता हाउस न. 343 वार्ड न. 14 कंकालीन पारा सैदा बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूँ अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम भावना तिवारी पिता धनंजय तिवारी निवासी/पता हाउस न. 343 वार्ड न. 14 कंकालीन पारा सैदा बिलासपुर (छ.ग.) से जाना एवं पहचाना जायें।

**शपथकर्ता-भावना तिवारी**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम धनंजय तिवारी पिता मनहरण लाल तिवारी अपना पुराना नाम को बदल कर नया नाम धनंजय कुमार तिवारी पिता मनहरण लाल तिवारी निवासी/पता सैदा बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूँ अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम धनंजय कुमार तिवारी पिता मनहरण लाल तिवारी से जाना एवं पहचाना जायें।

**शपथकर्ता-धनंजय तिवारी**

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिल्हा**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक /क/वा./तह./20
बिल्हा, दिनांक 1/4/2026

एतद द्वारा ग्राम बिल्हा तहसील बिल्हा के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमीशा पिता/पति राखी जाति सतनामी निवासी ग्राम बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर द्वारा अपने दादी श्रीमति लक्ष्मीनबाई पति अमरू जाति सतनामी निवासी ग्राम बिल्हा थाना बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर की मृत्यु दिनांक 12/11/1974 को ग्राम बिल्हा को हुआ/हुई है का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा जनता को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/4/2026 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित ईश्तहार जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिल्हा**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**पटवारी कार्यालय**
**प.ह.न.-49 ग्राम-परसदा रा.नि.मं-सिरगिट्टी**
**तहसील/जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**:- सूचना -:**

दिनांक 01/04/2026

आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ (चौहद्दी धारी) भूमि स्वामी 1. लोधी की भूमि 2. आरिफ अली की भूमि 3. रास्ता 4. फूलनाथ

विषय- ग्राम परसदा प.ह.न 49 स्थित ख. नं 17/21 रकबा 0.03 1/2 का सीमांकन/बटांकन हेतु।

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में सूचित किया जाता है कि आवेदक फैसल अखतर पिता फिरोज अखतर निवासी बिलासपुर द्वारा अपने भूमि हक़ की भूमि ख नं 17/21 रकबा 0.03 1/2 का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन किया गया है। आदेशानुसार उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 16/04/2026 को किया जाना है।

अत: आप स्थल पर उक्त तिथि को ठीक 11 से 05 बजे समस्त अभिलेख सहित उपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने पर सीमांकन/बटांकन की कार्यवाही कर दी जायेगी बाद में की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

टीप:-- अपरिहार्य कारणों से दिनांक एव समय में परिवर्तन किया जा सकता है, नवीन दिनांक एव समय कि सुचना आपको पृथक से दी जाएगी।

**पटवारी**
**जय प्रकाश प.ह.नं.4**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल**
**सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
क्र./ /तह./रा.नि./सीमा/2026
सरकण्डा, दिनांक 13/04/2026

प्रति,
1. श्री वीर सेन सिंधु पिता चौधरी मित्र सेन सिंधु 2. शिव कुमार रामशरन 3. हेमलता विधवा जी.बी.बाजपेई 4.सरला देवी 5.बुद्धू वल्द जैलाल 6.कारीबाई विधवा रामप्रसाद 7. शिवशंकर, श्यामा बाई, अजय, संतोष, संजय, शिव कुमार, अशोक 8. प्रकाश, बलराम, शांत, अशोक, दिलीप, नूतन, पुष्पलता, लेखनी, डॉ.हमीद खान, अनुराग, कीर्ति, चषक, चिन्मय, राजकुमार अन्य हितबद्ध पक्षकार ।

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक /क/तह./रीडर/2026 बिलासपुर, दिनांक 13/04/2026

संदर्भित: पत्र अनुसार आवेदक श्री वीरसेन सिंधु पिता चौधरी मित्रसेन सिंधु निवासी लिंक रोड बिलासपुर द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 39/12, 39/13, 41/2, 42, 48/7, 53, 54, 55, 58 , 59, 60, 44, 47, 67, 69, 51 कुल रकबा 7.57 एकड़ भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार / तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/ अति.तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 21/04/2026 को समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।

**टीप:-** विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक सरकण्डा,**
**तहसील बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा 1. मनीष अग्रवाल पिता मदन लाल अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी लिंक रोड बिलासपुर छ.ग. की मौजा ग्राम रहंगी प.ह.न. 10 रा.नि.मं. बिल्हा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 550 रकबा 0.16 एकड़, 2. मदन अग्रवाल पिता स्व. श्री बिसन अग्रवाल, जाति अग्रवाल निवासी लिंक रोड बिलासपुर छ.ग. की मौजा ग्राम रहंगी प.ह.न. 10 रा.नि.म. बिल्हा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 557/4, 562, रकबा 0.42, 0.47 एकड़ 3. सुखदेव पिता स्व. श्री जीवन लाल, ना.बा. प्रिंस, ना.बा. राधिका ना.बा. मुस्कान सभी पिता स्व. श्री सुखनंदन, दूजा बाई बेवा सुखनंदन, विरेन्द्र पिता स्व. श्री जीवन लाल, मिलकुंवर, रेशमी पुत्री स्व. श्री जीवनलाल मुन्नी बाई बेवा स्व. जीवनलाल सभी निवासी ग्राम रहंगी प.ह.न. 10 रा.नि.म. बिल्हा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 557/2, रकबा 1.02 एकड को खरीदने का पक्का सौदा का ब्याना राशि प्रदान की जा चुकी है एवं निकट भविष्य में जल्द ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण की जावेगी। उपरोक्त भूमि की खरीदी बिक्री के संबंध मे किसी व्यक्ति निकाय संस्था या बैंक तथा किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना/नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मुझसे दस्तावेज सहित संपर्क करे। इसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जानें।

दिनांक- 14/4/26

**भवदीय**
**प्रीतम तिवारी (अधिवक्ता)**
**उच्च न्यायालय, प्रगति विहार**
**बहतराई रोड सरकंडा बिलासपुर**
**मो.नं.- 99826362212**





## एग्जाम

# संकल्प प्रवेश परीक्षा में 25-25 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे

**बिलासपुर।** संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इस बार कक्षा 9वीं में 40-40 विद्यार्थियों और कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं में रिक्त सीटों के अनुसार विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र 15 अप्रैल को सभी विद्यालयों के प्राचार्य संकलित कर संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर प्रवेश पत्र प्राप्त करेंगे। जो विद्यार्थी पहले फॉर्म भरकर जमा कर चुके हैं, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। अब प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में परीक्षा केंद्र होंगे। पूर्व में प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल को आयोजित होनी थी, जिसे स्थगित किया गया है। अब सभी कक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षा 25 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बार प्रवेश परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। इसी प्रकार कक्षा 11वीं व 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स विषयों के 25 -25 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।



## जागरूकता

# स्वच्छता अभियान चला कर दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



**बिलासपुर।** हर्ष किंगडम सोसायटी अशोक नगर सरकंडा के रहवासियों ने अपनी ही सोसाइटी में स्वच्छता अभियान चला कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अभियान में सोसायटी के सभी ब्लॉक से सदस्य शामिल हुए और लॉन की सफाई में अपना श्रमदान किया। सोसायटी के लोगों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समिति के समस्त रहवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। डॉ अरुण अग्रवाल पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि श्रमदान की कड़ी में चिट पद्धति से एके शर्मा को उत्तम श्रमदान के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि जागरूकता, सुरक्षित पर्यावरण और सामुदायिक भागीदारी से स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर डीके जायसवाल एके पांडेय, सतीश सिंह, डॉ अभय सिंह, मुकेश शर्मा, विनोद सिंह, संजय पटेल, श्री शाह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम

# गायत्री प्रज्ञापीठ चांटीडीह में प्रत्येक गुरुवार को होगा सामूहिक जप



**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ चांटीडीह बिलासपुर में गत दिनों एक बैठक रखी गई। इसमें साधना व सत संकल्प का प्रचार-प्रसार करने संबंधी योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही प्रज्ञापीठ चांटीडीह में प्रत्येक गुरुवार को शाम 6 से 7 बजे तक सामूहिक जप करना तय किया गया है। सत संकल्प को चिन्हांकित कर सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, सामुदायिक भवनों, शमशान आदि जगहों पर बैनर लगाने का निर्णय लिया गया। इस मौके परगायत्री परिवार की नंदिनी पाटनवार जिला समन्वयक बिलासपुर, शंकरलाल पाटनवार, श्रीकांत शर्मा व्यवस्थापक गायत्री प्रज्ञापीठ सरकंडा, लखन सिंह राजपूत व्यवस्थापक गायत्री प्रज्ञा पीठ चांटीडीह, डॉ हेमंत कौशिक ट्रस्टी, भारती कश्यप, शिवकुमार यादव, बद्री प्रसाद यादव, लक्ष्मीकांत जायसवाल ट्रस्टी, डॉ डोगेश्वर साहू, कामदेव साहू, ईश्वरदास दास वैष्णव उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण

# चर्च में बच्चों को दी जा रही बाइबिल की शिक्षा



**बिलासपुर।** चर्च ऑफ़ खाईष्ट मिशन इन इंडिया, निर्वाचित प्राचीन समूह सीएमडी चौक स्थित चर्च में पास्टर सुदेश पॉल की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन बाइबल कक्षा लगाई जा रही है। इसमें बच्चों को शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक बाइबिल की शिक्षा दी जा रही है। पास्टर श्री पॉल ने बताया कि इसमें लगाई जा रही प्राइमरी, मीडिल एवं सीनियर तीन स्तर की कक्षाओं में प्रतिदिन अलग-अलग टीचरों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। ग्रीष्मकाल की छुट्टी लगते ही बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए ऐसी कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इसमें बच्चों को अपने, माता-पिता, बड़े बुजुर्गों के प्रति आज्ञाकारिता, अनुशासन, शिष्टाचार, सेवा के प्रति बच्चों में जागरूकता बढ़ाई जाती है। प्रतिदिन नाश्ता, शरबत एवं शुद्ध शीतल पेय जल की व्यवस्था भी की जाती है। अंतिम दिन प्रीति भोज का कार्यक्रम रखा गया है। रविवार समापन के दिन आराधना का संचालन जवानों एवं बच्चों द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन शिक्षा देने में मार्ग्रेट पॉल, ज्योति वालेस, सुलक्षणा बहादुर, एंजेलिना पॉल, प्रीति वालेस, रीना दास, सुनीता डेनियल, अरुणा कुमार, अरुणा दास, आश्रिता डेविड, रूत बारा, सरिता पॉल, मंजू निशा, एंजेलिना लवंग, शालिनी दास, पास्टर सुदेश पॉल, शामुएल वालेस शामिल है।

गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा दयालबंद बिलासपुर में तीन दिवसीय खालसा साजना दिवस बैसाखी उत्साह से मनाया गया। दिवस का मुख्य कार्यक्रम मंगलवार को हुआ। इस दौरान हजूरी रागी जत्थों ने विशेष दीवान सजा कर साध संगत को निहाल किया।

# दयालबंद गुरुद्वारा में बैशाखी पर सजा विशेष दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समूह साध संगत एवं प्रबंधन कमेटी दयालबंद के सदस्यों ने बताया कि विगत 12 और 13 अप्रैल को सुबह साढ़े 7 से 8 बजे तक भाई जोबन सिंह हजुरी रागी गुरूद्वारा दयालबंद, सुबह 8 से सवा 9 बजे तक भाई पलविंदर सिंह हजुरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर, शाम 7 से साढ़े 7 बजे तक भाई जोबन सिंह हजुरी रागी गुरूद्वारा दयालबंद, शाम साढ़े 7 से पौने 9 बजे तक भाई पलविंदर सिंह हजुरी रागी श्री दरबार साहिब द्वारा शबद कीर्तन पेश किया गया। मंगलवार को विशेष दीवान सजाया गया।

इस दिन सुबह 10 से 11 बजे तक साध संगतों ने कीर्तन किया। दोपहर 11 से 12 बजे तक भाई जोबन सिंह हजुरी रागी गुरूद्वारा दयालबंद, दोपहर 12 से साढ़े 12 बजे तक भाई मान सिंह बड़ला मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा दयालबंद, दोपहर साढ़े 12 से 2 बजे तक भाई पलविंदर सिंह हजुरी रागी श्री दरबार साहिब द्वारा विशेष दीवान सजाया गया। इस मौके पर समूह साध संगतों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरू घर की खुशियां प्राप्त की।





## शबद कीर्तन से साध संगत हुए निहाल, वरताया गया लंगर



## हजारों लोगों ने लिया प्रसाद

दीवान समाप्ति उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। इसमें चार हजार लोगों ने गुरु का प्रसाद लिया। जलेबी का प्रसाद और फ्रूट सलाद का लाइफ स्टाल लगाया गया। छबिल सेवा की गई। इसका राहगिरों ने लाभ उठाया। वहीं गुरुद्वारा को विद्युत झालरों व फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

# हमेशा अच्छा कर्म करने का करें प्रयास : पं. मिश्रा



यदि प्रेम पवित्र हो तो भगवान भी अभिलाषा पूर्ण कर देते हैं। मनुष्य जो भी कर्म करता है तो वह उस कर्म बंधन में बंध जाता है। कुछ कर्म ऐसे रहते हैं जो बचा रहता है उसे भोगने बार-बार जन्म लेना पड़ता है। ऐसा कोई उपाय नहीं जिससे कर्म बंधन से मुक्त हो जाए, इसलिए हमेशा अच्छा कर्म करने का प्रयास करना चाहिए।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें सीपत रोड सरकंडा स्थित शिव कुमार शुक्ला के निवास स्थान में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा सप्ताह के सातवें दिन मंगलवार को कथा व्यास पं. नीरज भूषण मिश्र सीपत ने कृष्ण स्वधाम गमन एवं कलयुग की कथा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाभारत युद्ध के 36 वर्ष बाद गांधारी के श्राप और यदुवंशियों की आपसी कलह के कारण यदुवंश का विनाश हुआ। इसके बाद प्रभास क्षेत्र में एक पीपल के वृक्ष के नीचे योग निद्रा में विश्राम कर रहे श्रीकृष्ण के चरण को जरा नामक बहेलिए ने हिरण समझकर बाण मार दिया। इसके बाद बहेलिए को क्षमा करने के बाद भगवान कृष्ण ने अपनी देह त्याग दी अपनी लीला समेटकर गोलोक धाम लौट गए। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के अंत में गांधारी ने कृष्ण को श्राप दिया था कि जैसे कौरवों के वंश का नाश हुआ है, वैसे ही 36 वर्ष में यदुवंश का भी अंत हो जाएगा। श्राप के प्रभाव से यदुवंशी आपसी कलह में एक-दूसरे का संहार कर लिया। जिससे यादवों का अंत हो गया। यदुवंश के विनाश के बाद बलराम ने भी ध्यान मग्न होकर देह त्याग दी। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा देह त्याग करने के साथ ही द्वापर युग का अंत और कलियुग का प्रारंभ माना जाता है। कथा व्यास ने कलियुग में भगवान नाम महिमा की कथा भी सुनाई। अंत में चढ़ोतरी हुई। भागवत भगवान की आरती की गई।

### इन्होंने किया कथा श्रवण

कथा श्रवण करने देवकुमारी, शिव कुमार शुक्ला, मंजू, अरविंद शुक्ला, रोशनी, अजय शुक्ला, अंजू, जितेंद्र शुक्ला, चंद्रकला, निशिकांत शुक्ला, महेंद्र, उमेश, कृष्ण कुमार, रमेश, नरेंद्र, बृजेश, भूपेन्द्र, राजेश, अश्वनी, राकेश शुक्ला सहित पूरे शुक्ला परिवार के अन्य सदस्यों व श्रद्धालु भक्तों की भारी उपस्थिति रही।

### आज होगा समापन

भागवत कथा का समापन बुधवार 15 अप्रैल को हवन, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज के साथ होगा। भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# मन, वचन व कर्म की त्रिवेणी से ही जीवन में आएगी सुख-शांति

**बिलासपुर।** भरारी ग्राम में आयोजित 'नवधा रामायण' के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन से पधारीं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं मुख्य वक्ता संतोषी दीदी ने रामायण के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रामायण केवल एक प्राचीन कथा नहीं, बल्कि वर्तमान समय में जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला और मार्गदर्शिका है। मन,वचन और कर्म की त्रिवेणी से ही जीवन में आएगी सुख-शांति विषय पर बोलते हुए उन्होंने रामायण के प्रसंगों के माध्यम से आधुनिक जीवन की समस्याओं का समाधान बताया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संतोषी दीदी ने जीवन प्रबंधन के गूढ़ सूत्रों को बहुत ही सरल ढंग से समझाया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारे जीवन की गुणवत्ता बाहरी भौतिक सुविधाओं से नहीं, बल्कि हमारे विचारों की शुद्धता, बोल की मधुरता और व्यवहार की शालीनता पर टिकी है। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामजी का चरित्र हमें सिखाता है कि जो हमारे मन में हो, वही हमारे वचन में आना चाहिए और वही हमारे कर्म में दिखना चाहिए।



# रामसेतु में हनुमान पाठ व महाआरती

**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगण रामसेतु चौक सरकंडा ने अप्रैल माह के प्रथम मंगलवार के क्रम में सामूहिक हनुमान महापाठ कर महाआरती की गई। समिति के सदस्यों ने बताया कि दक्षिण मुखी श्री हनुमान मंदिर रामसेतु चौक सरकंडा में शाम साढ़े 6 बजे श्री हनुमान चालीसा महापाठ, 7 बजे से श्री राम स्तुति पाठ किया गया। सवा 7 बजे श्री हनुमानजी की महाआरती की गई। पौने 8 बजे भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। पाठ से पहले अंजनी पुत्र हनुमान की विशेष पूजा की गई। ज्ञात हो कि उक्त समिति द्वारा प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का महापाठ कर महाआरती की जाती है। इसी क्रम में यह आयोजन हुआ। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालु भक्तों में काफी उत्साह रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।



## स्पोर्ट्स न्यूज

# आईपीएल की तर्ज पर एफसीए लीग 16 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आईपीएल की तर्ज पर एफसीए प्रीमियर लीग सीजन -10 अंडर -14 के लिए 6 टीम बनाई गई जिसमें खिलाड़ियों का आक्शन किया गया। खिलाड़ियों के माता-पिता की मौजूदगी में खिलाड़ियों के आक्शन की प्रक्रिया की गई। जिनमें 6 टीमों में 66 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

- 6 टीमों के लिए खिलाड़ियों का आक्शन

पहली टीम एफसीए स्काय स्ट्राइकर, दूसरी टीम एफसीए रेड ड्रैगन, तीसरी टीम एफसीए लाइटनिंग लीजेंड्स, चौथी टीम एफसीए स्ट्राइकर स्क्वाड, 5 वी टीम एफसीए स्पीड डायमंस, छठवीं टीम एफसीए फायर गंश में प्रत्येक टीम में 11-11 खिलाड़ी होंगे। इन 6 टीमों में बालिका वर्ग की खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। यह बालिका खिलाड़ी बालक वर्ग के साथ अपनी अपनी टीम के लिए पूरे एक माह तक यहां प्रदर्शन करेंगी। खिलाड़ियों को उनके खेल मैदान में प्रदर्शन के अनुसार अलग-अलग टीमों में शामिल किया गया है। आज फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया टीम के ऑनर्स भी फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में मौजूद थे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच कमल चड्डा ने बताया कि एफसीए प्रीमियर लीग सीजन -10 अंडर- 14 के लिए खिलाड़ियों में और अधिक उत्साह बढ़ाने तथा राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों पहुंचने के लिए के लिए इन पांच टीमों के बीच क एक माह तक मैच होंगे। प्रतिदिन 15-15 ओवरों मैच होंगे जिसमें खिलाड़ियों की कलात्मक गेंदबाजी ,बल्लेबाजी तथा क्षेत्ररक्षण का अभ्यास तथा कोच द्वारा उनकी खेल प्रतिभा को भी आंका जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्येक खिलाड़ियों पर कोच की नजर होगी। एफसीए प्रीमियर लीग सीजन -10 के मैच 16 अप्रैल से शुरू होगा जो 16 मई तक चलेगा। पूरे आयोजन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले टीमों तथा खिलाड़ियों को फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। क्रिकेट खेल मैदान में इस तरह अलग-अलग आयु वर्ग की टीम बनाकर हर साल खिलाड़ियों का चयन किया जाता है और यही खिलाड़ी आगे जाकर क्रिकेट क्षेत्र में शहर एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते हैं।

### नेशनल खिलाड़ी कोच कमल चड्डा देंगे प्रशिक्षण

एफसीए प्रीमियर लीग सीजन 10- अंडर-14 रात्रि कालीन क्रिकेट मैच में 15- 15 ओवरों के प्रत्येक मैच में 12 से लेकर 14 साल तक के बच्चे यहां प्रदर्शन करेंगे। कमल चड्डा यहां फाउंडेशन क्रिकेट



अकादमी खेल मैदान में एक अनुभवी कोच के रूप में यहां खिलाड़ियों को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोच के रूप में वह खिलाड़ियों में खेल मैदान में जो भी कमी दिखती है उसे दूर करने का प्रयास करते हैं। और प्रत्येक खिलाड़ियों के खेल को निखारने के लिए वह पूरा प्रयास करते हैं। और कोच का पहला काम होता है कि खेल मैदान में खिलाड़ियों में खेल भावना लाना उनकी कमियों को दूर करके उन्हें एक अच्छा खिलाड़ी के रूप में तैयार करना। और खिलाड़ियों के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान भी बनाना कोच का प्रयास होता है।




पंजाबी संस्था द्वारा फ्रेंडली बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों की सहभागिता रही। इसमें हर वर्ग के लोग उत्सकुता से शामिल हुए।

# सेंट्रल और नॉर्थ जोन ने अंतिम मैच जीते, साउथ जोन बनी ग्रुप टॉपर



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस अंडर 19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन किया जा रहा था, जिसका मंगलवार को अंतिम दिन रेलवे ग्राउंड में नौवा मैच और रघुराज स्टेडियम में दसवां मैच खेला गया। मुख्य अतिथि के तौर पर रेलवे स्पोर्ट्स ऑफिसर सीनियर डीसीएम अनुराग साहू, विशिष्ट अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल साथ में अंडर 19 सीएससीएस चयनकर्ता प्रमोद कर्माकर, तरुणेश परिहार, मनोज सिंह, टीम के कोच टी सुधीन्द्र, स्वर्ण सिंह कलसी, क्रिक्रेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, आलोक श्रीवास्तव, ओपी यादव, शरद मुरारका, शैलेश सैमुअल, आकाश सिंह, सुशांत शुक्ला एस जावेद प्रवीण कुमार उपस्थित थे। सीनियर डीसीएम अनुराग साहू ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को भविष्य में और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहन किया।

## खबर संक्षेप

### डांट-फटकार के बाद छात्रा ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** घरवालों ने ठीक से पढ़ाई करने के लिए डांट फटकार लगाई तो छात्रा ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोनी टीआई राजश्री दामू कोसले ने बताया, रायगढ़ निवासी श्रृष्टि गुप्ता पिता संजय गुप्ता 20 साल कोनी रिवरव्यू कालोनी में किराए के मकान में रहकर लॉ सेकेंड इयर की पढ़ाई कर रही थी। 14 अप्रैल की सुबह घरवालों ने श्रृष्टि को फोन कर ठीक से पढ़ाई करने के लिए डांट फटकार लगा दी, जिससे क्षुब्ध होकर श्रृष्टि ने कमरे के पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घरवालों के द्वारा लगातार फोन लगाने से रिसीव नहीं करने पर मकान मालिक को फोन कर देखने को कहा। मकान मालिक उसके कमरे में जाकर देखे तो श्रृष्टि की फांसी पर लटकी लाश मिली। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### चाकू लहराते फोटो किया वायरल, युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में चाकू लहराते फोटो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को इंस्टाग्राम में एक युवक की चाकू लहराते वीड़ियो पेश करते हुए शिकायत मिली। उन्होंने वीड़ियो को संज्ञान में लेकर चाकू लहराने वाले नयापारा निवासी सुजल खैरवार पिता राजकुमार खैरवार 21 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बीच बचाव करने गई महिला पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पति के साथ विवाद करते देख पत्नी बीच बचाव करने गई तो युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया है, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, डबरीपारा निवासी दीपक कंवर के साथ पूर्व में रक्षाबंधन के समय मोहल्ले का अजय साहू उर्फ बड़े ने मारपीट कर दी थी। जिसका मामला कोर्ट में लंबित है। अजय साहू उक्त मामले में राजीनामा करने के लिए दबाव बना रहा है। 13 अप्रैल को अजय साहू उनके घर आकर राजीनामा करने के लिए गाली गलौज कर चाकू लेकर मारने के लिए दौड़ाया। श्री साहू की पत्नी मनीषा कंवर बीच बचाव करने लगीं तो युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने दीपक की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### आरपीएफ ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार रेल संपत्ति चोरी के मामले में आरपीएफ की टीम ने टेंगनमाड़ा निवासी धर्मेन्द्र सोनी पिता स्व. सालिकराम सोनी 55 साल को पकड़कर आरपीयूपी एक्ट 3 ए के तहत गिरफ्तार किया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां जमानत में छूटने के बाद वह उपस्थिति देना छोड़ दिया। कोर्ट ने आरोपी को पकड़ने के लिए वारंट जारी कर दिया। आदेश के बाद आरपीएफ की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीआर कुर्रे और आरक्षक पी भारद्वाज ने आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तार किया है।

### घर के सामने खड़ी बाइक में लगी आग

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़ी राजमिस्त्री की बाइक में आग लगा दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, अशोकनगर अटल आवास निवासी राजमिस्त्री अनिल यादव पिता लीलाराम यादव 12 अप्रैल को अपनी बाइक खड़ी कर खाना खाकर सो गए। रात 2 बजे पड़ोसी ने बताया, उनकी बाइक जल रही है। उन्होंने बाहर निकलकर पड़ोसियों की मदद से पानी डालकर आग बुझाई, आग से बाइक पूरी तरह जल गई है। असामाजिक तत्वों के द्वारा बाइक में आग लगाई गई है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

**शासन को भेजा गया प्रस्ताव** — अवैध परिवहन में कमी लाने किया जा रहा बदलाव

# खनिज के अवैध परिवहन पर जुर्माना कई गुना बढ़ाने की तैयारी

**बिलासपुर।** खनिज का अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर अब खनिज माफिया एवं वाहन मालिकों को अपने वाहन छुड़वाने के लिए विभाग में कई गुना पेनाल्टी जमा करनी पड़ सकती है। इस संबंध में खनिज विभाग द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। कुछ वाहनों पर तो विभाग द्वारा तीन से चार गुना तक बढ़ोतरी करने की अनुशंसा की गई है।

रेत, गिट्टी, मिट्टी, ईंट व मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए खनिज विभाग के हत्थे चढ़ जाने एवं जुर्माना पटाने के बाद भी इस काम में लगातार संलग्न रहने वालों को मजा चखाने की तैयारी चल रही है। खनिज विभाग द्वारा ऐसे अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों से ली जाने वाली पेनाल्टी की राशि में कई गुना तक बढ़ोतरी करने संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके पीछे विभाग का उद्देश्य खनिज के अवैध परिवहन व चोरी से वाहन मालिकों को दूर रखना है। हालांकि अभी भी पेनाल्टी की राशि कम नहीं है, लेकिन इसके बाद भी एक बार पकड़े जाने के बाद भी मालिक अपने वाहनों को खनिज चोरी से दूर नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि विभाग अब वाहनों पर पेनाल्टी की राशि में कई गुना तक बढ़ोतरी की तैयारी कर रहा है।



### अभी इन वाहनों पर इतनी होती है पेनाल्टी

वर्तमान में खनिज विभाग द्वारा अलग-अलग वाहनों के लिए अलग-अलग पेनाल्टी वसूल की जा रही है। इसके अंतर्गत हाईवा वाहन के लिए 30 हजार जुर्माना लिया जाता है। बीते वित्तीय वर्ष तक यह राशि 25 हजार तक थी। इसी तरह ट्रैक्टर पकड़े जाने पर पंद्रह हजार का जुर्माना तय है। इसमें भी बीते वर्ष की तुलना में 5 हजार की बढ़ोतरी की गई है। जेसीबी वाहन पकड़े जाने पर 25 हजार रूपए का जुर्माना तय है। इसी तरह पोकलेन एवं चेन माऊंटेन जैसे वाहनों के लिए 50-50 हजार रूपए का जुर्माना तय है। इन सभी में अब भारी-भरकम पेनाल्टी बढ़ाने की तैयारी है।

### पकड़े गए वाहन 15 दिन नहीं छोड़ने के निर्देश

खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को 15 दिनों तक नहीं छोड़ने संबंधी निर्देश जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए हैं। इसके पीछे एकमात्र उद्देश्य ये है कि ज्यादातर वाहन फायनेंस के अंतर्गत लिए गए हैं, जिससे पंद्रह दिनों तक लगातार वाहन के खड़े रहने के कारण मालिकों को होने वाले नुकसान का अंदाजा होगा जिससे वे खनिज की चोरी व अवैध परिवहन जैसे कार्यों से अपने वाहनों को दूर रखेंगे।

### हाइवा-टैक्टर में तीन से चार बढ़ाने का प्रस्ताव

खनिज की सबसे ज्यादा चोरी व परिवहन हाईवा एवं ट्रैक्टर जैसे वाहनों की मदद से ही की जाती है। ऐसे में खनिज चोरी व अवैध परिवहन को रोकने के लिए हाईवा व ट्रैक्टर जैसे वाहनों पर वर्तमान में लगाई जाने वाली पेनाल्टी को तीन से चार गुना तक बढ़ाने की अनुशंसा शासन से की गई है, ताकि खनिज माफियाओं के मन में चोरी न करने का अन्यथा भारी भरकम जुर्माना जमा करने का भय बना रहे।

### की गई है अनुशंसा

पेनाल्टी लेने के बाद भी कई वाहन मालिक अवैध परिवहन के जरिए खनिज चोरी में लगातार संलिप्त रहते हैं। इस तरह के मामलों को नियंत्रित करने पकड़े गए वाहनों पर लगाई जाने वाली पेनाल्टी की राशि में बढ़ोतरी की अनुशंसा शासन से की गई है। कुछ वाहनों पर तो कई गुना तक पेनाल्टी बढ़ाने की अनुशंसा है।

**-किशोर कुमार गोलघाटे**, उपसंचालक खनिज विभाग

खूंटाघाट से आने वाले रॉ-वॉटर व ट्रीटमेंट पश्चात पानी को किया चेक

# मटमैले पानी को लेकर हंगामा मचने के बाद निगम कमिश्नर पहुंचे ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम में सोमवार को सामान्य सभा में अमृत मिशन योजना तहत घरों में गंदा, मटमैला पानी सप्लाई को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा मचाया था। सामान्य सभा में हंगामा के बाद मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी के साथ अमृत मिशन के ट्रीटमेंट प्लांट जांच करने पहुंचे और उन्होंने खूंटाघाट से आने वाले रॉ वॉटर सहित ट्रीटमेंट पश्चात पानी को चेक किया। निगम कमिश्नर ने डिसट्रिब्यूशन पाइप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

■ डिस्ट्रब्यूशन पाइप लाइन की जांच करने दिए निर्देश

शहर में अमृत मिशन योजना अंतर्गत खूंटाघाट जलाशय से आने वाले पानी को ट्रीटमेंट कर घरों में सप्लाई की जाती है। खूंटाघाट जलाशय से पाइप लाइन के जरिए रॉ वॉटर बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट आता है, जहां पर ट्रीटमेंट फिल्टर करने के बाद पानी शहर के टंकियों में भरा जाता है और टंकियों से फिर डिसट्रिब्यूशन पाइप लाइन के जरिए लोगों के घरों में पानी सप्लाई की जाती है, लेकिन अमृत मिशन के पानी को लेकर कई इलाकों से शिकायत भी सामने आ रही है। सोमवार को सामान्य सभा में गंदा, मटमैला पानी को लेकर कुछ पार्षदों द्वारा जमकर हंगामा मचाया गया था। खराब पानी की सप्लाई को लेकर पार्षदों ने महापौर पूजा विधानी समेत जल विभाग प्रभारी को घेरा था। सामान्य सभा में नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे भी उपस्थित थे और वे सारी बातें सुन रहे थे, इसलिए सामान्य सभा में उठे पानी के मुद्दा को देखते हुए आज निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे निगम जल विभाग के प्रभारी अनुपम तिवारी के साथ बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वहां पर खूंटाघाट से आने वाले रॉ वॉटर एवं ट्रीटमेंट के बाद घरों में सप्लाई होने वाली पानी को चेक किया और स्वयं पानी पीकर देखे। उन्हें उस पानी में किसी तरह की खराबी नहीं मिली इसलिए निगम कमिश्नर ने डिसट्रिब्यूशन पाइप लाइन को जांच करने कहा है ताकि पाइप लाइन में लिकेज या मिट्टी भरे होने के कारण तो नहीं मटमैला पानी जा रहा होगा।



### मरम्मत कार्य के चलते बीच में सप्लाई प्रभावित

अमृत मिशन योजना तहत निर्मित बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी की सप्लाई बीच में प्रभावित हुई थी। ट्रीटमेंट प्लांट के पुराने चेम्बर में कुछ खराबी थी, जिसे तोड़कर कांक्रीटयुक्त नया चेम्बर बनाया गया है, जिसके ऊपर स्टील की प्लेट लगाई गई है। इसलिए पानी सप्लाई बंद किया गया था, उसके बाद अशोक नगर में मेन सप्लाई पाइप लाइन फूट गया था। इस मेन पाइप लाइन में भी मरम्मत का काम कराया गया है। उसके पूर्व खूंटाघाट जलाशय से अमृत मिशन तहत सरफेस वॉटर की सप्लाई बंद होने से भी पानी की समस्या आई थी और सप्लाई अवधि में कटौती भी की गई थी। खूंटाघाट जलाशय की नहर लाइन क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मत एरीगेशन विभाग द्वारा कराया जा रहा था, इसलिए कुछ दिनों तक खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई रोकी गई थी।



पानी की जांच करते निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे।

### 22 बड़ी टंकियों से हो रही सप्लाई

शहर के अलग-अलग जगहों पर 22 बड़ी-बड़ी टंकियां बनी हुई हैं, जिसमें से 4 नई टंकियां अमृत मिशन तहत बनाई गई हैं। इन टंकियों को अमृत मिशन के पाइप लाइन से इंटरकनेक्ट किया गया है। खूंटाघाट जलाशय से पानी सप्लाई बंद रहने की स्थिति में नगर निगम के जल विभाग द्वारा पहले ही की तरह अलग-अलग टयूबवेल के माध्यम से इन टंकियों को भरा जा रहा है, उसके बाद पाइप लाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है।

### किया गया है निरीक्षण

अमृत मिशन तहत गंदा, मटमैला पानी की जिस तरह शिकायत सुनाई दे रही थी, उसे देखते हुए आज वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने गया था। वहां पर खूंटाघाट से जो रॉ वॉटर की सप्लाई होती है और ट्रीटमेंट के बाद जो पानी सप्लाई होता है उसको चेक किया गया। ट्रीटमेंट प्लांट से ठीक पानी की सप्लाई हो रही है इसलिए डिस्ट्रिब्यूशन पाइप लाइन को चेक करने कहा गया है।

**-प्रकाश सर्वे**, कमिश्नर नगर निगम

### फायनेस कंपनी के मैनेजर सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चोरों ने एक मकान से सोने की चार कंगन व 1 लाख रुपए नकद चोरी कर लिया था। मकान मालिक के द्वारा बताए गए संदेही युवक को पुलिस ने पकड़ पूछताछ की तो उसने बताया कंगन फायनेंस कंपनी में गिरवी रख लोन लिया है। पुलिस फायनेंस कंपनी के मैनेजर को पकड़कर गला हुआ सोना व 1 हजार रुपए नकद बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, राजेन्द्र नगर निवासी प्रशांत कुमार मिश्रा ने रिपोर्ट लिखाई। वे मकान में ताला लगाकर बाहर गए थे। 13 अप्रैल को वापस आए तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। आलमरी से 4 सोने के कंगन व 1 लाख रुपए चोरी हो गई थी। उन्होने कुछ युवकों पर चोरी करने का संदेह जताया। पुलिस ने नयापारा लोफंदी निवासी दीपक पटेल पिता तुलसीराम पटेल 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अन्य साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया सोने के कंगन मणप्पुरम फायनेंस में गिरवी रखकर लोन लिया था। पुलिस ने फायनेंस कंपनी के मनेजर रायपुर धरसिंवा हालुमकान सरकण्डा बंधवापारा निवासी आजम बेग पिता चांद बेग 25 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सोने का कंगन लगा देना बताया। उसके पास से गला हुआ सोना बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गला सोना व 1 हजार रुपए नकद जब्त किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



गिरफ्तार आरोपी।

# अवैध शराब बेचने वाले को पकड़ा, लेनदेन कर छोड़ा

**कोटा थाने के दो आरक्षक हटाए गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विशेष अभियान के दौरान कोटा थाना के दो आरक्षकों ने अवैध शराब बेचने वाले को पकड़कर लेनदेन कर छोड़ दिया और दूसरे दिन शेष पैसा देने के लिए दबाव बना रहे थे। शिकायत पर एसएसपी ने दोनों आरक्षकों थाने से हटा दिया है।

दो दिन पहले जिले में अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया गया था। कोटा थाने में पदस्थ सीसीटीएनएस का आरक्षक खेमंत पाल व अनत मिरी लोकबंध में एक अवैध शराब बेचने वाले युवक को पकड़ लिया। मौके पर दोनों आरक्षकों ने लेनदेन कर नकद रकम लेकर छोड़ दिया। दूसरे दिन दोनों आरक्षक शेष रुपए देने के लिए दबाव बना रहे थे। जानकारी होने पर टीआई नरेश चौहान ने पीड़ित युवक से संपर्क किया। युवक ने उन्हें बताया दोनों आरक्षक पैसा लेकर उसे छोड़ दिया था और 5000 रुपए और देने के लिए दबाव बना रहे थे। टीआई श्री चौहान ने एसएसपी रजनेश सिंह को जानकारी दी। एसएसपी श्री सिंह ने आरक्षक सनत मिरी को लाइन अटैच कर दिया। वहीं सीसीटीएनएस के आरक्षक खेमंत पाल को हटा कर तखतपुर थाना सीसीटीएनएस कार्य करने तबादला किया है। इसी तरह प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेलगहना चौकी से आरक्षक कौशल सिंह बिंझवार, सुनील पटेल का कोटा थाना, आरक्षक शैलेन्द्र कुमार साहू का पुलिस लाइन से कोटा, उमाशंकर पोर्ते का पुलिस लाइन से कोटा, दीपक मरावी का पुलिस लाइन से कोटा, नंदकुमार यादव का सीपत से सीसीटीएनएस कार्य कोटा थाना तबादला किया गया है।

■ एसएसपी ने की कार्रवाई

ज्ञात हो कि एक दिन पहले अवैध शराब के संदेह में दर्रीघाट के ढाबा संचालक को पकड़कर थाना के पीछे खण्डहरनुमा मकान में लेनदेने का दबाव बनाने वाले मस्तूरी थाना के एएसआई, एसडीओपी का गनमैन, रीडर आरक्षक को लाइन अटैच किया गया था।

### रात 12 बजे होटल के सामने युवक को पीटा

**बिलासपुर।** बीती रात 12 बजे खाना खाने मुल्कराज होटल के गए युवक के साथ कुछ अन्य युवकों ने जमकर मारपीट की, मारपीट की वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ वीडियो वायरल

तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया, चुचुहियापारा गणेश नगर निवासी शेख इकबाल 31 साल 13 अप्रैल की रात खाना खाने रेलवे स्टेशन स्थित मुल्कराज होटल गए थे। रात 12 बजे खाना खाकर होटल से बाहर निकलकर अपनी बाइक निकाल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उनके ऊपर गिर गए। उन्होंने देखकर बाइक चलाने को कहा तो युवक ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। पुलिस ने शेख इकबाल की रिपोर्ट पर हमलावर युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# गोली चलने की अफवाह से पुलिस महकमें में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में गोली चलने की खबर से पुलिस महकमा में हड़कंप मचा हुआ था। राजपत्रित अधिकारी व थानेदार अपने अपने क्षेत्र में पतासाजी करने उधर उधर भटकते रहे किन्तु कोई भी पीड़ित नहीं मिला। आखिरकार गोली चलने की खबर अफवाह निकली। उसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।



■ भटकते रहे अधिकारी

14 अप्रैल की शाम पुलिस अधिकारी व थानेदारों को शहर में गोली चलने की सूचना दी गई, जिससे पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। एसएसपी रजनेश सिंह ने राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों का अलर्ट कर पतासाजी करने का निर्देश दिया। राजपत्रित अधिकारी व थानेदार अपने अपने क्षेत्र में गोली लगने वाले की तलाश में इधर उधर भटकते रहे और अपने अपने क्षेत्र के सिम्स, जिला अस्पताल, अपोलो, निजी हास्पिटल में पूछताछ करने में लगे। काफी मशक्कत के बाद भी गोली चलने की पुष्टि नहीं होने पर सूचना देने वाले वेब पार्टल पत्रकार से अधिकारियों ने पूछताछ की तो वे अलग अलग नाम बताकर सूचना देने की बात कहने लगे। रात 9 बजे तक शहर में गोली चलने की पुष्टि नहीं हो पाई, उसके बाद गोली चलने की अफवाह होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# मेंटनेंस के बावजूद बंद हो रही बिजली, गर्मी में तप रहे लोग

**बिलासपुर।** एक ओर जहां बिजली विभाग मेंटनेंस के नाम पर घंटों सप्लाई बंद कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बिजली बंद की समस्या जस की तस बनी हुई है। मंगलवार को मधुबन रोड, टिकरापारा, शिवटाकिज चौक, करबला, कुम्हारपारा, जूना बिलासपुर सहित कई जगहों पर घंटें भर के लिए बिजली बंद रही।

लोड बढ़ने के कारण ही बिजली बंद की समस्या आम हो चुकी है। इस दौरान ट्रांसफार्मर से सप्लाई ठप हो रही है, वहीं उपभोक्ता लगातार शिकायत पर शिकायत दर्ज करा रहे है हालांकि फ्यूज कॉल में शिकायत रजिस्टर्ड होने के घंटे भर बाद बिजलीकर्मी मरम्मत के लिए पहुंच रहे है, लेकिन इस दौरान गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। मन्नू चौक, दयालबंद, करबला रोड, जूना बिलासपुर जैसे इलाकों में रोजाना घंटे भर के लिए बिजली बंद हो रही है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग 5 से 6 घंटे का शटडाउन लेकर मेंटनेंस कर रहा है, इसके बावजूद बिजली बंद की घटनाओं पर लगाम नहीं लग रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में तापमान बढ़ते ही बंद की समस्या विकराल रूप ले सकती है। खास बात यह है कि जहां दिन के बिजली बंद हो रही है, वहीं रात में भी ट्रीपिंग की समस्या सामने आ रही है।

### आज यहां रहेगी बिजली बंद

पुराना हाईकोर्ट फीडर के अंतर्गत सुबह 10.30 बजे से 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस दौरान डीपू पारा, दुर्गा मंदिर, विनोबा नगर, अक्षय गुरूकुल, क्रांति नगर के आसपास की बिजली बंद रहेगी। बिजली विभाग द्वारा सड़क के किनारों पर लगे पेड़ की कटाई और छंटाई की जाएगी। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत भी की जाएगी। कार्य की अधिकता को देखते हुए समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### मराठा समाज का निर्वाचन 3 मई को

**बिलासपुर।** मराठा समाज का निर्वाचन 3 मई को निर्धारित किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र भोसले ने बताया की जिला मराठा समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन 3 मई को होना है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी के आई तुळजा भवानी मंदिर कार्यालय में शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। चुनाव को लेकर पदाधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल दो फेरे लगाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलटीटी से सांतरागाछी के बीच दो-दो फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। 01041 एलटीटी-सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 17 व 24 अप्रैल को और 01042 सांतरागाछी से एलटीटी स्पेशल ट्रेन सांतरागाछी से 19 व 26 अप्रैल को चलाई जाएगी।

ट्रेन का वाणिज्यिक स्टापेज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशन में दिया जाएगा। 01041 एलटीटी से सांतरागाछी स्पेशल ट्रेन सुबह 11.50 बजे रवाना होकर बिलासपुर 8.05 बजे और 01042 सांतरागाछी से एलटीटी स्पेशल ट्रेन 5.30 बजे रवाना होकर बिलासपुर 16.05 बजे पहुंचेगी। ट्रेन में एक पावरकार, एक एसएलआरडी, चार सामान्य कोच, 9 स्लीपर कोच, 6 एसी थ्री, एक एसी टू सहित 22 एलएचबी कोच की सुविधा होगी।



### पुणे से बिलासपुर होकर जाएगी सांतरागाछी स्पेशल

पुणे से सांतरागाछी के बीच समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा, जो बिलासपुर जोनल स्टेशन होकर चलाई जाएगी। दो-दो फेरे के लिए चलने वाली ट्रेन 01441 पुणे-सांतरागाछी बनकर 17 व 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे रवाना होकर दुर्ग, रायपुर, रायपुर, बिलासपुर 8.45 बजे होकर सांतरागाछी 21.00 बजे और 01442 सांतरागाछी-पुणे स्पेशल ट्रेन 19 व 27 अप्रैल को 15.45 बजे रवाना होकर दूसरे दिन बिलासपुर सुबह 4.10 बजे और तीसरे दिन 5.15 बजे पुणे स्टेशन पहुंचेगी। ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 16 स्लीपर कोच, दो एसी थ्री सहित 20 कोच की सुविधा यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### डॉ अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

# बाबा साहब ने एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव मंगलवार 14 अप्रैल को मारूकापा एवं पथर्री में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती एवं सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, न्याय, भाईचारे का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

श्री साव ने कहा कि, भारत की संस्कृति सदैव से समरसता और एकता की प्रतीक रही है। हमारे समाज में भेदभाव की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि, बाबा साहब ने जीवनभर जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया और एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समाज को समरस, सशक्त और प्रगतिशील बनाया जा रहा है। - कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, रामेश्वर बंजारे, कोमल गिरि गोस्वामी, विनय साहू, भुवनेश्वर पात्रे, करणदास खांडे, गोवर्धन जांगड़े, जगमोहन चतुर्वेदी, सत्या, रोहित घृतलहरे, राजेंद्र टंडन, लव कुमार टंडन, पंचराम टंडन, धनीराम यादव, गुरमीत सलूजा, उपाध्यक्ष शांति भास्कर, सभापति रत्ना काटले, अनिता साहू, प्रदीप गायकवाड़, धर्मेंद्र बघेल, नरेंद्र पाल, जनपद सदस्य सुरजीत भार्गव, मूलचंद डाहिर, संतोष साहू, दिनेश साहू, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, रवि शर्मा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कश्यप, सुशील यादव, राजेंद्र साहू, लेखराज ठाकुर, राजेश शुक्ला, महेंद्र खत्री, अशोक साहू, प्रदीप साहू, सरपंच रितु आदि उपस्थित रहे।




### स्वामी विवेकानंद स्कूल में अंबेडकर जयंती कार्यक्रम



**बेलतरा।** बीआर आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलतरा के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बाबा साहेब की प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने डॉ आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, बाबा साहेब ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो कार्य किए, वे आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। भीम चौक बेलतरा में भी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूजन किया। इस अवसर पर रामपुरी ताम्रकार संकुल समन्वयक, गगन कुमार कौशिक, त्रिपूर्ण सूर्यवंशी विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं दुलेश्वर भारती, शुभम बैशवाड़े, वर्षा, पूर्णिमा, दीप्ति, आकांक्षा उइके, सूरज, नंदनी आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं व बच्चों ने मनाई बाबा साहब की जयंती



**बिल्हा।** ग्राम मोहदा के संत रविदासपारा में बच्चों व महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। कार्यक्रम में मोहदा 3 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुकृति देवी करमाकर ने बाबा साहब के जीवन पर प्रेरणादायी वक्तव्य प्रस्तुत किया। साथ ही मितानीन गंगोत्री देवी करमाकर ने समय बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' वाक्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दुर्गेश करमाकर, गोवर्धन सोनवानी, गनेशिया बाई, कुलेश्सर, राजीम बाई, खुश, दिप्ती, यूगेश, धनेश्वर, जयकुमार, मनिराम, गरिमा करमाकर सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने डॉ अंबेडकर के विचारों का किया स्मरण



**दगोरी।** डॉ अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी बरतोरी मंडल की ओर से ग्राम दुर्गडीह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ कौशिक ने कहा कि, डॉ भीमराव अंबेडकर दलित, पिछड़े और महिलाओं को संविधान के माध्यम से सशक्त अधिकार दिलाने वाले महान मसीहा थे। उन्होंने समाज को 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का मूलमंत्र दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम में दौरान मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छतरी, महामंत्री देवानंद कौशिक, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र रात्रे, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम विकास को बढ़ावा देते हुए एक बोरवेल एवं पावर पंप का लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों को पानी की सुविधा में राहत मिलेगी।

### बाबा साहब ने कमजोरों के लिए विशेष कार्य किया: गंगोत्री



**मोपका।** स्थानीय अंबेडकर चौक में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती धूम-धाम से मनाई गई। बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री कहा, बाबा साहब सर्व समाज को हक व न्याय दिलाने के साथ साथ कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं के लिए विशेष कार्य किया। कांग्रेस नेता साखन दर्वे ने कहा कि, डॉ अम्बेडकर के चलते आज सभी वर्ग आगे बढ़ रहे हैं, उन्होंने ऊंच-नीच का भेदभाव मिटा कर सबी को बराबरी का दर्जा दिया है। कार्यक्रम को जिला सचिव आकाश यादव, पार्षद मोहन श्रीवास व सुनील सोनकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वार्ड अध्यक्ष अविनाश केवरा व आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सुखसागर कुर्रे ने किया। इस अवसर पर अनुज प्रधान, हरीश सूर्या, उत्तम दर्वे, राहुल केवरा, जीतेन्द्र केवरा, फागुराम, संतलाल केवरा, ओम प्रकाश सूर्या, अशोक दर्वे, हुलास दर्वे, आशीष केवरा, सुनील संडे, राजू डहरिया सुखचेन, सुभाष केवरा, राजेश करियारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति थे।

## सतनाम भवन में मनी बाबा साहब की जयंती, निकाली रैली



**तखतपुर।** सतनाम भवन तखतपुर में सतनामी समाज के द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभांरभ डॉ अम्बेडकर के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें प्रमुख वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन और संघर्ष के प्रमुख पहलुओं को याद करते हुए, संवैधानिक योगदान, सामाजिक न्याय, और समानता के विचारों पर प्रकाश डाला।

समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए सभापति नगर पालिका तखतपुर सुनील जांगड़े ने कहा कि, डॉ भीमराव अम्बेडकर का संघर्ष भारतीय इतिहास की सबसे प्रेरणादायी कहानियों मे से एक है, उनका जीवन न केवल व्यक्तिगत बधाओं को पार करने की कहानी है, बल्कि करोड़ों लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने की एक महागाथा है।इस मौके पर समाज के युवाओं ने नीले झंडे के साथ बाइक रैली निकाली, जिसमें 'जय भीम' के नारों के साथ बाबा साहब के संघषों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत जांगड़े, राकेश डहरे तथा आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप लहरे ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील जांगड़े, प्रदीप लहरे, शशिकांत जांगड़े, राकेश डहरे, डालचंद डाहिरे, नरेन्द्र जांगड़े, हीरालाल जांगड़े, नरेश रात्रे, प्रियांशु डहरिया, हेमंत कुर्रे, जमीला जांगड़े, जगदीश भंडारी, शैलेन्द्र आहूजा, आदर्श बंजारे, राजेंद्र डहरिया, दीपक लहरे, कालेश्वर तुसार, सूरज आर्यन, बंजारे राहुल, अलोक आहूजा, तमन्ना गेंदले, अविनाश डहरिया, नमन, मनोज, गणेश, किशन, विजय पात्रे, दीपेश लहरे, नवीन, अर्जुन नवरंग, नीलकमल टंडन, विकाश डहरिया, आशु लहरे, शिवा कुर्रे, सूर्या बंजारे, रमन टंडन, अमर चतुर्वेदी, रायडर चतुर्वेदी व अविनाश खांडेकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### युवाओं ने रैली निकाल कर दिया सामाजिक एकता का संदेश



**पेंड्रा।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल मंगलवार को बचरवार, नवापारा एवं खेचरवारपारा के युवाओं ने रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य नीरज कौशिक एवं युवा भरिया आदिवासी कल्याण समिति के अध्यक्ष गणेश भारिया ने किया। रैली ने नगर भ्रमण करते हुए गौरेला स्थित भीमराव अंबेडकर चौक तक पहुंची। रैली के दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवाओं ने इसमें भाग लिया। अंत में रैली वापस असेंबली हॉल पहुंची, जहां आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ अंबेडकर के जीवन, उनके योगदान और उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सियाराम कौशिक, उपाध्यक्ष राजकुमार, चंद्रप्रकाश कौशिक, परमेश्वर चौधरी, आकाश कुमार, आदित्य, राजकुमार भारिया, चैतराम भारिया, सचिन चौधरी, किशन कौशिक, राहुल, अजय, विक्रम, विकास सरकार, भूपेंद्र चौधरी, दुर्गेश सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लोगों ने लिया बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प



**पेंड्रा।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय असेंबली हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा नागरिकों ने उपस्थित होकर बाबा साहेब को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा उपेंद्र सिंह एवं वनमंडल अधिकारी ग्रीसमी चांद सहित अन्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि समीरा पैकरा ने कहा कि, बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने कहा कि, बाबा साहेब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजा उपेंद्र सिंह ने शिक्षा को परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए बाबा साहेब के संदेश को अपनाने पर जोर दिया।

## बाबा साहब ने किया समरसता का भाव जगाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे रहे।

कार्यक्रम के अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, बरेला नगर पंचायत अध्यक्ष नरेश पटेल, भाजपा प्रदेश स्थायी आमंत्रित सदस्य गिरीश शुक्ला, प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य शैलेष पाठक, किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिव प्रताप सिंह, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश कोषाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, नागेश्वर परिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रत्नावली कौशल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राकेश साहू तथा पद्मनी मोहले रहे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के विषय पर अपने विचार जिला अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बंजारा ने रखा। विधायक मोहले ने कहा कि आज जो समाज में पीछे के पंक्ति में खड़े हैं उनको आगे लाने का काम, सबको समान अधिकार देने का कार्य और समरसता का भाव जगाने में डॉक्टर अंबेडकर ने किया है। कार्यक्रम का संचालन नितेश भारद्वाज महामंत्री भाजपा ग्रामीण द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन अनिल पात्रे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मोहन भोजवानी, प्रेम आर्य, संजय वर्मा, सुनील पाठक, हरिशंकर वर्मा, तारा चंद टंडन, अभिलाष द्विवेदी, सौरभ बाजपेई, राजीव श्रीवास, नागेश्वर जायसवाल, कोटू दादवानी, चंद्रहास गोस्वामी, केशव साहू, जितेंद्र दिवाकर, उषा साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा जरहागांव, वैभव जायसवाल, विजय यादव आदि मौजूद थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दी।

## मनाई गई अंबेडकर जयंती, पुष्पांजलि अर्पित कर किया सादर नमन



**लगरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर कोनी मे भीमराव अंबेडकर जी की छायाचित्र पर सादर नमन कर पुष्प अर्पित की। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष राजेंन्द्र अग्रही, पश्चिम मंडल के अध्यक्ष रत्नाकर, मोनू श्रीवास, अमित मिश्रा, ओमकार पाण्डेय, पुरुषोत्तम पटेल, महामंत्री त्रिदेव रजक, कमल पटेल, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिराज साहू, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, दीपकेश्वर पटेल, प्रशांत यादव, महामंत्री आयुष यादव, वैभव टाह, मंत्री हरीश पटेल, किसान मोर्चा के महामंत्री राजेश तिवारी, संतोष कुमार, रवि साहू, सागर सोनकर सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### बिनैका में हर्षोल्लास के साथ मनी डॉ अंबेडकर जयंती



**मल्हार।** ग्राम बिनैका में मंगलवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ एवं बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुकेश कुमार जांगड़े, सलीम डहरिया, योगेश मीरी, प्रकाश पुरेना, फलित पाटले, हरिकिशन पुरेना, सतीश गेंदले, गुलाब सिंह जांगड़े, धनंजय रात्रे, प्रफुल्ल मिरी, विक्की बंजारे, सुनील बंजारे, सत्येंद्र कुर्रे, रितेश जांगड़े, भूरू गेंदले, दिवेश पुरेना, आरक्षक पंकज पुरेना, विक्कू पुरेना एवं सोनचंद डहरिया सहित बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने बाबा साहेब के विचारों पर नतमस्तक होते हुए विचार-विमर्श किया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### स्वच्छता अभियान, दीपोत्सव का आयोजन



मल्हार। नगर के बुधवारी बाजार चौक स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तथा परिसर में भारतीय जनता पार्टी मल्हार मंडल के कार्यकर्ता, नगर पंचायत मल्हार के जनप्रतिनिधि व सतनामी समाज समर्पण सेवा समिति के सदस्यों ने दीपोत्सव का आयोजन किया। बाबा साहब की प्रतिमा तथा परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों ने भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया एवं देशहित में उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर नगर पंचायत मल्हार के अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, मल्हार मंडल के महामंत्री राजकुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, किसान मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पार्षद आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, रामफल कांत, पीयूष पाटले, रवि धीवर, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामनारायण कश्यप, अकतराम सिन्हा, जगजीवन पाटले, आजूराम पाटले, अरुण पाटले, सामाजिक पदाधिकारी राजेश पाटले, उमेश पाटले, तमिष भारद्वाज, नीलकंठ पाटले, फलित रात्रे, छोटेलाल पाटले, जसपाल कांत, अमित टंडन, अविनाश पाटले सहित भाजपा के सभी कार्यकर्ता, समाज प्रमुख तथा वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

### केक काटकर मनाया गया डॉ अंबेडकर का जन्मदिन



**मस्तूरी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत विद्याडीह टांगर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ अंबेडकर जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम बा साहब के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामवास 'बाबा साहब अमर रहे-14 अप्रैल अमर रहे' का नारा लगाते रहे। इसके बाद केक काटा गया और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सरपंच किरण चन्द्रप्रकाश दिनकर, उपसरपंच मिस्टर इंडिया भार्गव, पंच गोविंद दिनकर, योगेश भार्गव, किशोर खांडेकर, राजकुमार बर्मन, लक्ष्मीन कुर्रे, धनेश महिलांगे, श्यामलाल भार्गव, फिरत दिनकर, रामसिंह भार्गव, रामप्रसाद भार्गव, जगदीश भारती, अविनाश, सतीश दिनकर, सोतीराम दिनकर, सविता भार्गव, शांतिबाई भार्गव, शांति दिनकर, शनि दिनकर, रामजी भार्गव, गणपत भार्गव, बद्री प्रसाद भार्गव, राजेन्द्र भार्गव, दिलीप दिनकर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

### जनप्रतिनिधियों ने किया अम्बेडकर की प्रतिमा को नमन



**मुंगेली।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनपद कार्यालय में स्थापित प्रतिमा में जनपद पंचायत के अध्यक्ष ठाकुर रामकमल सिंह परिहार, उपाध्यक्ष कुसुमलता पद्मिनी मोहल्ले, पूर्व उपाध्यक्ष पवन पांडेय सहित अन्य जनपद सदस्य तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष घोषले, जिला अंकेक्षक पंचायत कमलेश मिश्रा सहित जनपद कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होकर, नमन वंदन करते हुए उनके द्वारा देश के प्रति किए गए कार्यों को याद किया गया। उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।